भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3760
16 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों की फसल पैदावार बढ़ाना**

**3760. श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंतः**
**श्री पी.के. कुनहालिकुट्टीः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार के पास किसानों की फसल पैदावार में बढ़ोतरी करने हेतु कोई प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या छत्तीसगढ़ में बहुत से किसानों को प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत पहली किश्त प्राप्त नहीं हुई है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) उक्त किसानों को किश्त की राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) और (ख):** विभिन्न फसलों की पैदावार और उत्पादकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार छत्रक योजना "हरित क्रांति- कृषोन्नति योजना" के तहत पहले ही कई फसल विकास कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए), बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी), कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एसएमएएम), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), आदि का कार्यान्वयन कर रही है।

**(ग) से (ड.):** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना एक अनवरत और प्रचालित स्कीम है जिसके तहत वित्तीय लाभों को जब और जैसे संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा चिह्नित लाभार्थियों का सही और सत्यापित डाटा पीएम-किसान वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाता है, वैसे ही उनके बैंक खातों में अंतरित कर दिया जाता है। कई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पोर्टल पर अपेक्षित डेटा अपलोड नहीं कर पाये हैं जिसके कारण इन राज्यों में किसानों को लाभ का अंतरण करना संभव नहीं हो पाया है। स्कीम के तहत प्रति वर्ष 6 हजार रूपए की निर्धारित राशि में से 2000/- रूपये की पहली किस्त पहले ही देश के 3,95,55,934 लाभार्थियों और 2000/- रूपये की दूसरी किस्त 3,12,69,025 लाभार्थियों के बैंक खातों में डाली जा चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य में 39,77,327 आंकलित भू-जोतों में से 17,79,431 पात्र लाभार्थियों के डेटा को पीएम-किसान पोर्टल पर अपलोड किया गया। जिनमें से 10,47,733 लाभार्थियों को स्वीकृति दी गई है। तदनुसार अब तक 3,47,253 लाभार्थियों को पहली किस्त और 1,11,768 लाभार्थियों को दूसरी किस्त प्राप्त हो चुकी है। स्वीकृत डेटा में शामिल किए गए शेष लाभार्थियों के लिए राज्य नोडल अधिकारी द्वारा निधि स्थानांतरण के आग्रह (आरएफटी) के पश्चात राशि जारी की जाएगी।

****